सीएसआईआर-सीरी में स्वच्छ भारत दिवस
एवं
विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 का आयोजन

भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय एवं सीएसआईआर मुख्यालय से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुपालन में सीएसआईआर-सीरी में महात्मा गाँधी एवं भारत के दूसरे प्रधानमंत्री पं. लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती (2 अक्टूबर, 2024) को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया गया। साथ ही दिनांक 02 से 31 अक्टूबर, 2024 के दौरान आयोजित किए जाने वाले **विशेष स्वच्छता अभियान 4.0** का शुभारंभ भी किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने सहकर्मियों को स्वच्छता शपथ दिलाई और राष्ट्र के परिप्रेक्ष्य में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सहकर्मियों ने कॉलोनी परिसर में विभिन्न स्थानों पर तथा बिट्स-पिलानी और सीरी-बीकेबीआईईटी-पिलानी के बीच स्थित गौरव पथ पर स्वच्छता संबंधी गतिविधियों में अपना योगदान दिया। इसके अलावा संस्थान के विभिन्न अनुभागों/प्रभागों/समूहों के कार्मिकों ने भी अपने कार्य स्थल की सफाई की।

सहकर्मियों एवं कॉलोनीवासियों को स्वच्छता शपथ दिलाते हुए
डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 का शुभारंभ स्वच्छ भारत दिवस (गाँधी जयंती) के अवसर पर डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के नेतृत्व में **स्वच्छता शपथ ग्रहण** से हुआ। कॉलोनी परिसर के नेहरू पार्क में आयोजित शपथ ग्रहण एवं स्वैच्छिक श्रमदान कार्यक्रम में संस्थान के सहकर्मी एवं उनके परिजन उपस्थित हुए।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने सभी उपस्थित कार्मिकों एवं उनके परिजनों को महात्मा गाँधी एवं पं. लाल बहादुर शास्त्री जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्वच्छता को स्वास्थ्य का आधार बताते हुए सभी सहकर्मियों एवं उपस्थित कॉलोनीवासियों से अनुरोध किया कि वे संस्थान परिसर को स्वच्छ रखने में अपना यथासंभव सहयोग दें। उन्होंने सभी सहकर्मियों से भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान में भी अपना यथाशक्ति एवं यथासामर्थ्य योगदान देने का आह्वान किया।

डॉ पी सी पंचारिया के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान 4.0 में योगदान देते हुए संस्थान कार्मिक एवं अन्य सहकर्मी

विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए
संस्थान के सहकर्मी एवं उनके परिजन

इस वर्ष सामुदायिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए संस्थान कार्मिकों ने बिट्स-पिलानी और संस्थान परिसर के बीच ‘गौरव पथ’ तथा बीकेबीआईईटी तथा बीटीटीआई, पिलानी के बीच ‘डॉ अमरजीत सिह-सीरी मार्ग’ पर भी स्वच्छता गतिविधियों में अपनी सेवाएँ दीं। डॉ पंचारिया ने

सभी कॉलोनीवासियों एवं उपस्थित सहकर्मियों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि स्वस्थ एवं निरोगी रहने के लिए अपने वातावरण को साफ रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए हम सभी को अपने-अपने स्तर पर निरंतर प्रयास करने होंगे।

कार्यालय में स्वच्छता अभियान को मूर्तरूप देते हुए कर्मचारी

विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 के दौरान अन्य कार्यदिवसों में प्रशासन नियंत्रक श्री जय शंकर शरण के नेतृत्व में गतवर्ष की भाँति कार्यालय के साथ-साथ संस्थान परिसर एवं कॉलोनी परिसर में विभिन्न स्थलों पर आयोजित स्वच्छता गतिविधियों के अंतर्गत साफ-सफाई की गई। इस अवधि के दौरान कॉलोनी परिसर में स्थित वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय 'सीरी विद्या मंदिर' के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के नेतृत्व में 'स्वच्छता प्लॉग रन' के माध्यम से विद्यालय परिसर सहित कॉलोनी परिसर में भी स्वच्छता कार्य में अपना योगदान दिया। छात्र-छात्राओं ने 'हम सभी का एक ही सपना – स्वच्छ सुंदर हो भारत अपना', स्वच्छ भारत – स्वस्थ भारत' जैसे नारों से विद्यालय और सीरी कॉलोनी परिसर को गुंजायमान कर दिया।

विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए संस्थान के सहकर्मी एवं उनके परिजन

'स्वच्छता प्लॉग रन' के माध्यम से विद्यालय एवं कॉलोनी परिसर में स्वच्छता गतिविधियों में योगदान देते हुए सीरी विद्या मंदिर के विद्यार्थी एवं शिक्षकगण

स्वच्छता को अपना नैतिक दायित्व समझते हुए डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी एवं श्री जय शंकर शरण, प्रशासन नियंत्रक के मार्गदर्शन में संस्थान कार्मिकों एवं अन्य लोगों ने स्वच्छता अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया और संस्थान परिसर एवं अन्य स्थलों पर साफ-सफाई कार्य में अपना योगदान दिया।

इस प्रकार सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में स्वच्छ भारत दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया एवं विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 को वास्तविक अर्थों में मूर्तरूप दिया गया।

विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 के दौरान आयोजित गतिविधियों के कुछ फोटोग्राफ

(स्वच्छता अभियान से पूर्व, स्वच्छता अभियान के दौरान और स्वच्छता अभियान के उपरांत)